**गृह मंत्रालय**
**पूर्वोत्तर प्रभाग**
********

## पूर्वोत्तर राज्यों में सिविक एक्शन कार्यक्रम

स्थानीय जनता का दिल जीतने और आम लोगों के बीच सशस्त्र बलों की छवि को बढ़ावा देने के लिए सेना और सीएपीएफ पूर्वोत्तर राज्यों में सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इस कार्यक्रम के तहत, चिकित्सा शिविरों के आयोजन, स्वच्छता अभियान, खेल कार्यक्रम, बच्चों को अध्ययन सामग्री का वितरण, राष्ट्रीय हित के स्थानों पर शैक्षिक भ्रमण, कैरियर परामर्श प्रशिक्षण/कोचिंग का आयोजन, भर्ती पूर्व प्रशिक्षण सहित व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना, विद्यालय भवनों, सड़कों, पुलों आदि की छोटी-मोटी मरम्मत और प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र चलाना आदि जैसी अनेक कल्याणकारी/विकास संबंधी गतिविधियां की जाती हैं। वर्ष 2015-16 से सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत सीएपीएफ/सेना को आवंटित/जारी निधियों का ब्यौरा इस प्रकार है:-

**(लाख रुपये में)**

| वित्त वर्ष | बीएसएफ | सीआरपीएफ | आईटीबीपी | एसएसबी | असम राइफल्स | सेना | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2015-16** | 150 | 150 | 100 | 70 | 350 | 180 | **1000** |
| **2016-17** | 150 | 150 | 100 | 70 | 350 | 180 | **1000** |
| **2017-18** | 150 | 150 | 100 | 70 | 550 | 180 | **1200** |
| **2018-19** | 300 | 250 | 80 | 140 | 330 | 100 | **1200** |
| **2019-20** | 400 | 270 | 80 | 150 | 350 | 50 | **1300** |
| **2020-21** | 350 | 300 | 100 | 150 | 350 | 50 | **1300** |
| **2021-22** | 395 | 345 | 80 | 185 | 445 | 50 | **1500** |
| **2022-23** | 300 | 250 | 50 | 155 | 445 | 50 | **1250** |
| **2023-24** | 451.07 | 361.67 | 71.99 | 100.11 | 211.19 | 50 | **1246.03** |
| **2024-25** | 171.56 | 168.22 | 54.48 | 110.07 | 415.14 | 50 | **969.47** |

**************